बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

<u>प्रेस नोट</u>

दिनांक–18.08.2016

उत्तरी बिहार में लगातार वर्षा होने के कारण कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप जिलो द्वारा तैयारी की गई है। महानन्दा, बखरा, कंकई, परमार, कोसी एवं अन्य नदी में आए बाढ़ से राज्य के पूर्णियां, किशनगंज, अररिया, दरभंगा, मधेपुरा, भागलपुर, कटिहार, सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी), पश्चिम चम्पारण, मुजफ्फरपुर, सारण, नालन्दा एवं मुंगेर जिला बाढ़ से प्रभावित हुए थे। वर्त्तमान में नदियों में पानी घटने के कारण बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य में बाढ़ की स्थिति एवं चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्य की स्थिति निम्न हैः–

नदियों का नाम जो खतरे के निशान से उपर बह रही है –गंगा– दीघा घाट (पटना) में (DL 50.45, AL 50.59), गांधी घाट (पटना) में (DL 48.60, AL 49.33), हाथीदह, (पटना) में (DL 41.76, AL 42.42), भागलपुर (भागलपुर) में (DL 33.68, AL 34.00), कहलगांव (भागलपुर) में (DL 31.09, AL 32.03), पुनपुन श्रीपालपुर पटना में (DL 50.60, AL 51.76),घाघरा–गंगपुर सिसवन (सिवान) में (DL 57.04, AL 57.31), बुढ़ी गंडक (खगड़िया) में (DL 36.58, AL 37.64), कोसी– बलतारा (खगड़िया) में (DL 33.85, AL 34. 06), कुरसेला (कटिहार) में (DL 30.00, AL 30.85), शेष सभी नदियाँ खतरे के निशान से नीचे बह रही है।

1. वर्त्तमान में प्रभावित जिलो की संख्या – 01 (मुंगेर)
2. वर्त्तमान में प्रभावित प्रखण्डों की संख्या – 05
3. वर्त्तमान में प्रभावित पंचायतों की संख्या – 25
4. वर्त्तमान में प्रभावित गांवों की संख्या – 72
5. वर्त्तमान में प्रभावित जनंसख्या – 2.28
6. वर्त्तमान में प्रभावित क्षेत्रफल– शून्य
7. वर्त्तमान में प्रभावित फसलों का रकवा – शून्य
8. वर्त्तमान में फसल क्षति का अनुमानित मूल्य– शून्य
9. वर्त्तमान में बाढ़ से मृत व्यक्तियों की संख्या – 01
10. वर्त्तमान में बाढ़ से मृत पशु की संख्या – शून्य
11. वर्त्तमान में गृह क्षति – (i) पक्का– (क) आंशिक –0 (ख) पूर्ण –0
(ii) कच्चा– (क) आंशिक –0 (ख) पूर्ण –0
(iii) झोपड़ी– 0
12. वर्त्तमान में क्षतिग्रस्त गृहों का अनुमानित मूल्य – शून्य
13. वर्त्तमान में क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य – शून्य
14. वर्त्तमान में परिचालित नावों की संख्या –
(क) सरकारी देशी नाव – 16 (ख) निजी नाव – 43
15. वर्त्तमान में चलाए जा रहे राहत कैम्पों की संख्या – 1
16. वर्त्तमान में शिविरों में रह रहे लोगों की संख्या – 300
17. वर्त्तमान में चिकित्सा दलों की संख्या – 0
18. वर्त्तमान में पशु शिविरों की संख्या – 0
19. अबतक सूखा राहत वितरण का विवरण– वितरित नगद अनुदान (खाद्यान्न के लिए) राशि 2093.0 लाख रू0, वितरित नगद अनुदान की राशि–2111.0 लाख रू0, –चूड़ा–10502 वीं0, गूड़–1981.00 क्वीं0, चना–1856 क्वीं0, नमक –925 क्वीं0, दीया–सलाई –1040042 पैकेट, मोमवत्ती–3540 पैकेट, किरासन तेल–991921 ली0 पॉलिथिन शीट्स–68996 शीट्स, एवं फूड पैकेट–425785

नोटः— गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि होने के कारण पटना, बक्सर, भोजपुर, मुंगेर, सारण एवं वैशाली जिला के दियारा क्षेत्र में पानी प्रवेश कर जाने की सूचना प्राप्त हुई है। जिलों में एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 को एलर्ट कर दिया गया है। नावों का परिचालन 05.30 अप0 बजे के बाद नही करने का निर्देश सभी जिला पदाधिकारी को दिया गया है। सभी जिला पदाधिकारी को मोबाईल चिकित्सा दल, पशु चिकित्सा दलों को सभी चिकित्सा सामग्री के साथ प्रतिनियुक्ति करने एवं राहत शिविर संचालन करने का निदेश दिया गया है। साथ ही साथ आवश्यकतानुसार नावों का परिचालन करने का निदेश दिया गया है।

2. पटना जिलें में 65 नावों का परिचालन किया जा रहा है। नदी के घाटों पर बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि 05.30 अप0 बजे के बाद नावों का परिचालन एवं ओवर लोडिंग रोका जा सके।

3. भोजपुर जिले में 69 नावों का परिचालन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के द्वारा 05.30 अप0 बजे के बाद नावों का परिचालन बंद करने का निदेश दिया गया है, साथ ही साथ बच्चे, नौवजवान एवं बुढ़े व्यक्तियों को नदी में जाने से रोकने के लिए ध्वनि विरतारक यंत्र से प्रचार—प्रसार करया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित अंचलों में कुल 37 स्थानों पर मेडिकल टीमों के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। डाक्टरों की टीम दवा एवं हैलोजन टैबलेट के साथ प्रभावित ईलाकों में गठित है। सदर अनुमंडल के विद्यालयों में राहत केन्द्र क्रियाशील कर दिया गया है। लोगों को भोजन एवं आवासन की सुविधा उलब्ध करायी जा रही है। एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की सेवाये ली जा रही है।

4. खगड़िया एवं बक्सर जिले में बाढ़ प्रभावित ईलाकों में आवादी के निष्कासन हेतु नावों का परिचालन कराया जा रहा है।